| 1 | Child labour/forced labour/ involuntary labour | NIL | NIL |
| 2 | Sexual harassment | 5 | 2 |
| 3 | Discriminatory employment | NIL | NIL |

8. आपके निम्नलिखित कर्मचारियों के कितने प्रतिशत को गत वर्ष सुरक्षा एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया?

| | | |
|---|---|---|
| क. स्थायी कर्मचारी | : | 65.5% |
| ख. स्थायी महिला कर्मचारी | : | 66.5% |
| ग. आकस्मिक/अस्थायी/संविदा कर्मचारी | : | शून्य |
| घ. अक्षम कर्मचारी | : | 89.5% |

**सिद्धांत 4: कारोबार को सभी हितधारकों, विशेषकर वंचित, कमजोर एवं सीमांत हितधारकों के हितों का ध्यान रखना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए।**

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाह्य हितधारकों की मैपिंग की है?**

हाँ, बैंक ने अपने प्रमुख आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों की पहचान की है और इनमें शेयरधारक, ग्राहक, बैंक कर्मचारी तथा समाज शामिल हैं। इन पर अधिक ध्यान देने के लिए उन्हें आगे विभिन्न उपवर्गों में बांटा गया है।

2. **क्या कंपनी ने उपर्युक्त में से वंचित, कमजोर एवं सीमांत हितधारकों की पहचान की है?**

भारत सरकार और आरबीआई ने वित्तीय समावेशन, प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण देने, कमजोर वर्गों को ऋण देने आदि पर दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं और बैंक ने इन दिशानिर्देशों के अनुसार वंचित, कमजोर और सीमान्त हितधारकों की पहचान की है।

बैंक ''कार्यस्थल पर विविधता'' का सम्मान करता है और विविध पृष्ठभूमि के कर्मचारियों द्वारा अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने एवं संगठन में निरंतर बढ़ने की दिशा में उन्हें सक्षम बनाता है। बैंक ने महिलाओं, दिव्यांगों एवं एससी/एसटी कर्मचारियों के लिए तीन विकास प्रकोष्ठ बनाए हैं।

3. **क्या वंचित; कमजोर एवं सीमान्त हितधारकों की संलग्नता हेतु कंपनी द्वारा कोई विशेष कदम उठाए गए हैं? यदि हाँ, तो लगभग 50 शब्दों में इसका विस्तृत विवरण दें।**

'समाज को लौटाना' हमारी सीएसआर गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य है। बैंक ने वंचित, कमजोर एवं सीमान्त हितधारकों के लिए विभिन्न पहल की हैं। लघु/सीमांत कृषकों, सूक्ष्म उद्यमों, स्वयं सहायता समूहों, कमजोर वर्ग और महिला उद्यमियों को रियायती दरों पर ऋण दिया जाता है। बैंक विभिन्न न्यास/केंद्र भी संचालित कर रहा है जैसे कि पीएनबी कृषक कल्याण न्यास, पीएनबी शताब्दी ग्रामीण विकास न्यास, वित्तीय साक्षरता केंद्र आदि। ये न्यास वंचित समुदायों में जागरूकता उत्पन्न करने तथा उनके कौशल उन्नयन के माध्यम से बेरोजगारी व गरीबी से उबरने एवं अपना भविष्य बनाने में उनकी सहायता करते हैं।

**सिद्धांत 5: कारोबार द्वारा मानवाधिकारों को प्रोत्साहन एवं सम्मान दिया जाना चाहिए।**

1. **क्या मानवाधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी को कवर करती है अथवा यह समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों/गैर सरकारी संगठनों/अन्य को भी कवर करती है?**

8. **What percentage of your under mentioned employees were given safety & skill up-gradation training in the last year?**

| | | |
|---|---|---|
| a. Permanent Employees | : | 65.5 |
| b. Permanent Women Employees | : | 66.5 |
| c. Casual/Temporary/Contractual Employees | : | NIL |
| d. Employees with Disabilities | : | 89.5 |

**Principle 4: Businesses should respect the interests of, and be responsive towards all stakeholders, especially those who are disadvantaged, vulnerable and marginalized.**

1. **Has the company mapped its internal and external stakeholders?**

Yes, The Bank has identified its key stakeholders, internal and external and they include shareholders, customers, bank employees and society. They are further segregated into various subsets for enhanced focus.

2 **Out of the above, has the company identified the disadvantaged, vulnerable & marginalized stakeholders?**

Government of India and RBI has prescribed guidelines on Financial Inclusion, Priority Sector Lending, Lending to Weaker Sections etc. and the bank has identified the disadvantaged, vulnerable & marginalized stakeholders as per those guidelines.

The bank values "Diversity at Workplace" and to enable employees from diverse backgrounds to reach their full potential and constantly grow in the organisation, bank has created three developmental cells for Women, Differently-abled and SC/ST employees.

3. **Are there any special initiatives taken by the company to engage with the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.**

"Giving back to the Society" is the prime motive behind our CSR activities. The Bank undertakes various initiatives for the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. Loans are given at subsidized rates to Small/Marginal Farmers, Micro enterprises, Self Help Groups, Weaker sections and Women entrepreneurs. The Bank is also running various Trust/Centers as: PNB Farmer Welfare Trust, PNB Centenary Rural Development Trust, Financial Literacy Centers etc. These trusts help the underprivileged communities to overcome unemployment and poverty and shape their own future through awareness creation and upskill them.

**Principle 5: Businesses should respect and promote human rights**

1. **Does the policy of the company on human rights cover only the company or extend to the Group/Joint Ventures/Suppliers/Contractors/NGOs/Others?**

बैंक श्रम कानूनों और कर्मचारी के अधिकारों के अनुपालन सहित विक्रेताओं के साथ अपने अनुबंधों में मानवाधिकार से संबंधित उचित धाराएं शामिल करता है।

2. **गत वित्तीय वर्ष में हितधारकों की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक समाधान किया गया?**

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान हमें हितधारकों से 15 शिकायतें प्राप्त हुई और सभी का (100%) संतोषजनक समाधान किया गया है।

**सिद्धांत 6: कारोबार को पर्यावरण का ध्यान रखने, संरक्षण करने एवं इसे बहाल करने के प्रयास करने चाहिए।**

1. **क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी को कवर करती है अथवा यह समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों/गैर सरकारी संगठनों/अन्य को भी कवर करती है?**

बैंक हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करता है और इसके लिए बैंक की एक हरित पहल नीति है। बैंक इस नीति के तहत हरे पौधे लगाने, री-साइकल्ड कागज का उपयोग करने, ई-डॉक्यूमेंट्स का उपयोग करने और सीएफएल जैसे पर्यावरण के अनुकूल लाइट बल्बों का ही उपयोग करने को प्रोत्साहित करता है। बैंक की नीति के अनुसार इसके ऋण निर्णयों में भी पर्यावरण व सामाजिक जोखिम शामिल हैं।

2. **क्या जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान देने के लिए कंपनी की कोई नीति/पहल है? हाँ/नहीं। यदि हाँ, तो वेबपेज आदि का हाईपरलिंक उपलब्ध कराएं।**

बैंक टिकाऊ हरित उत्पादों, प्रक्रियाओं, नीतियों एवं प्रथाओं को अपनाता है।

1. बैंक पर्यावरण की दृष्टि से खतरनाक उद्योगों को वित्त प्रदान नहीं करता है। पर्यावरण के अनुकूल हरित परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाती है।
2. विनिर्माण इकाइयों के लिए, बैंक ऐसे प्रदूषकों के पर्यावरण में निस्तारित होने से पूर्व उनके प्रसंस्करण के लिए उत्प्रवाह उपचार परियोजनाओं की स्थापना पर जोर देता है और यह सुनिश्चित करता है कि ऋणी केन्द्रीय/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी भी प्राप्त करें।
3. सीएसआर पहलों के अंतर्गत वृक्षारोपण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, मौजूदा भवन में वर्षा जल संचयन किया जा रहा है और सभी नए निर्माण पर्यावरण के अनुकूल हैं। बैंक पवन ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को लोकप्रिय बना रहा है।
4. बैंक वैकल्पिक सेवा वितरण चैनलों की उपलब्धता को बढ़ा रहा है और अपने ग्राहकों तथा कर्मचारियों द्वारा इसके उपयोग को प्रोत्साहित कर रहा है जिससे कागज की बचत होती है।
5. द्वारका और गुड़गांव में बैंक के नए अत्याधुनिक भवन प्रमाणित हरित परिसर हैं जिन्हें 5 सितारा 'गृह' रेटिंग प्राप्त है। इनकी डिजाइन क्षमता अधिकतम है और इनमें आधुनिकतम सुविधाएं हैं। इनमें विकलांगों के लिए सुविधाएं भी मौजूद होंगी। इससे

The Bank includes pertinent clauses related to human rights in its agreements with vendors, including their adherence to labor laws and employee rights.

2. **How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percent was satisfactorily resolved by the management?**

During Financial Year 2016-17 we have received 15 complaints from stakeholders and all (100%) were resolved satisfactorily.

**Principle 6: Business should respect, protect, and make efforts to restore the environment**

1. **Does the policy related to Principle 6 cover only the company or extends to the Group/Joint Ventures/Suppliers/Contractors/NGOs/others.**

The Bank encourages green practices and has a Green initiative policy for the same. Under the policy, the bank encourage plantation of green plants, using re-cycled papers, e-documents and prescribing use of only environment friendly light bulbs such as CFLs. The Bank's policy incorporates environmental and social risks in its lending decisions.

2. **Does the company have strategies/ initiatives to address global environmental issues such as climate change, global warming, etc? Y/N. If yes, please give hyperlink for webpage etc.**

The Bank does imbibe green sustainable products, processes, policies and practices.

1. The Bank does not extend finance to environmentally hazardous industries. Preference is given to environment friendly green projects.
2. For manufacturing units, the Bank insists upon installation of effluent treatment projects for processing of such pollutants before release into the environment and ensures that the borrower also obtains NOC from Central/State Pollution Control Board.
3. Under CSR initiatives tree plantations camps are being organized, rain water harvesting is being done in existing building and new constructions are environment friendly. Bank is promoting wind energy and popularizing solar energy in rural areas.
4. Bank is enhancing availability of alternative service delivery channels and promoting its use by its customers and staff leading to paper saving.
5. The Bank's new State of Art building at Dwarka and Gurgaon are certified Green Building having 5 Star GRIHA Rating having maximum design efficiency and most modern amenities. It will also have amenities for

सामान्य दक्षता में वृद्धि होने के साथ-साथ समय और ईंधन की बचत भी होगी।

3. **क्या कंपनी संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान व आकलन करती है? हाँ/नहीं**

बैंक पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने से संबंधित विभिन्न पहलों में सहभागिता करता है। बैंक सतर्कतापूर्वक ऐसे कारोबारों से बचता है जिनका पारिस्थितिकी तंत्र एवं समाज पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। बैंक पर्यावरणीय एवं सामाजिक नियमों के अनुपालन द्वारा पर्यावरणीय और सामाजिक जोखिम को कम करता है।

बैंक स्वच्छ ऊर्जा हेतु वित्त को बढ़ावा देता है और अपने परिचालन में पर्यावरण के अनुकूल पद्धतियों को भी प्रोत्साहित करता है।

4. **क्या स्वच्छ विकास तंत्र के संबंध में कंपनी की कोई परियोजना है? यदि ऐसा है तो लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण उपलब्ध कराएं। साथ ही, यदि हाँ, तो क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की गई है?**

बैंक इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम, यूपीआई आदि जैसी विभिन्न डिजिटल पहलों के माध्यम से कागज-रहित बैंकिंग को प्रोत्साहित करता है। परियोजनाओं का वित्तपोषण करते समय अक्षय ऊर्जा स्रोतों के तहत आने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही, संगठन के भीतर भी ई-दस्तावेजों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।

5. **क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, अक्षय ऊर्जा आदि के संबंध में कोई अन्य पहल की है? हां/नहीं। यदि हां तो कृपया वेबपेज आदि का हाइपरलिंक उपलब्ध कराएं।**

बैंक सौर ऊर्जा परियोजनाओं, बायोमास तथा जल व पवन उर्जा लघु परियोजनाओं जैसी कई अक्षय उर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण करता है। रूफ-टॉप सौर ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण की योजना बैंक द्वारा आरंभ की गई ऐसी ही एक अन्य योजना है।

ऋण देते समय यह सुनिश्चित किया जाता है कि जिन परियोजनाओं के लिए वित्त दिया जा रहा है, वे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं।

पर्यावरण पर दुष्प्रभाव को कम करने के लिए डिजिटल प्रथाओं को अपनाया जाता है और ट्रांजेक्शन स्लिप के मुद्रण से बचने के लिए ग्राहकों को ई-स्टेटमेंट, ई-वेलकम किट और एटीएम संदेश की प्राप्ति की प्रथा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

6. **क्या रिपोर्ट किए जा रहे वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी द्वारा उत्पन्न उत्सर्जन/अपशिष्ट सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा अनुमत सीमाओं के भीतर हैं?**

एक सेवा संगठन होने के नाते बैंक किसी भी विषाक्त खतरनाक प्रदूषक का उत्सर्जन नहीं करता है।

7. **सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त ऐसे कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या जो वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर लंबित (अर्थात जिनका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका) रहे?**

शून्य

the disabled. It will lead to saving in time and fuel besides adding to the general efficiency.

3. **Does the company identify and assess potential environmental risks? Y/N**

The bank participates in various initiatives to address environmental concerns. Bank consciously avoids business that could have negative impact on ecosystems and society and mitigate environmental and social risks through compliance with environmental and social regulations.

The Bank promotes finance for clean energy and also promotes environment friendly methods in its operations.

4. **Does the company have any project related to Clean Development Mechanism? If so, provide details thereof, in about 50 words or so. Also, if yes, whether any environmental compliance report is filed?**

The Bank promotes paperless banking through various digital initiatives like internet banking, mobile banking, ATMs, UPI etc. While financing projects, preference is given to projects under renewable energy sources. Also within organization, the use of e-documents is encouraged.

5. **Has the company undertaken any other initiatives on – clean technology, energy efficiency, renewable energy, etc. Y/N. If yes, please give hyperlink for web page etc.**

The Bank finances many renewable energy products such as Solar Power projects, Biomass and Small Hydro and Wind Power projects. Another scheme that the bank has launched is the Scheme for financing of Roof Top Solar Power Projects.

At the time of lending, it is ensured that the projects for which the finance is being given does not harm the environment.

To reduce the impact on the environment, digital practices are adopted and customers are also encouraged to adopt e-statement subscriptions, e-welcome kits and ATM messages to avoid printing of transaction slips.

6. **Are the emissions/waste generated by the Company within the permissible limits given by CPCB/SPCB for the financial year being reported?**

Being a service organization the bank does not generate any toxic hazardous pollutants.

7. **Number of show cause/ legal notices received from CPCB/SPCB which are pending (i.e. not resolved to satisfaction) as at end of Financial Year.**

Nil

**सिद्धांत 7: कारोबार जब लोक एवं विनियामक नीति को प्रभावित करने में संलग्न हों, तो ऐसा जिम्मेदार ढंग से किया जाना चाहिए।**

1. **क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड व चैंबर एसोसिएशन की सदस्य है? यदि हाँ तो केवल उन मुख्य संस्थाओं के नाम बताएं जिनके साथ आपका कारोबार संबंध रखता है।**

   बैंक निम्न का सदस्य है:

   क. भारतीय बैंक संघ (आईबीए)

   ख. भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ)

   ग. बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्थान (आईबीपीएस)

   घ. राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान (एनआईबीएम)

   ङ. उन्नत वित्तीय शोध एवं अध्ययन केन्द्र (सीएएफआरएएल)

   च. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ (फिक्की)

   छ. अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य चैंबर्स (आईसीसी)

   ज. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग एसोसिएटेड चैंबर्स (एसोचेम)

   झ. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)

   ञ. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई)

   ट. दी क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल)

2. **क्या आपने कभी उपरोक्त एसोसिएशनों के माध्यम से जनहित के विकास अथवा सुधार के लिए पैरवी/लॉबिंग की है? हां/नहीं; यदि हां तो कृपया व्यापक क्षेत्रों (ड्राप बॉक्सः अभिशासन और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीतियां, ऊर्जा सुरक्षा, जल, खाद्य सुरक्षा, सतत कारोबार नीतियां, अन्य) का उल्लेख करें।**

   बैंक विभिन्न संगठनों के माध्यम से अर्थव्यवस्था तथा बैंकिंग से संबंधित सुझाव आगे बढ़ाता है। पूर्णकालिक निदेशक और शीर्ष प्रबंधन नियामक व नीतिनिर्माता द्वारा बनाए गए विभिन्न कार्य दलों का हिस्सा हैं। इस प्रकार, नीतियां बनाते समय विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों के संबंध में बैंक द्वारा दिए गए सुझावों पर भी विचार किया जाता है।

**सिद्धांत 8: कारोबार को समावेशी वृद्धि तथा साम्यिक विकास में सहायता करनी चाहिए।**

1. **क्या कंपनी में सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में विशिष्ट कार्यक्रम/पहल/परियोजनाएं हैं? यदि हां तो इनके विवरण दें।**

   बैंक ने समावेशी वृद्धि तथा साम्यिक विकास में सहायता करने के लिए विभिन्न पहल/परियोजनाएं आरंभ की हैं।

   **क) पीएनबी ग्राम उदय योजना:** इस योजना के तहत, सॉइल हेल्थ कार्ड धारक किसानों को भूमि-सुधार/मृदा संरक्षण के लिए रु.1 लाख तक का ऋण दिया जा रहा है।

   **ख) अपंजीकृत पट्टा भूमि पर भूमिहीन कृषि मजदूरों के वित्तपोषण की योजना।**

**Principle 7: Businesses, when engaged in influencing public and regulatory policy, should do so in a responsible manner**

1. **Is your company a member of any trade and chamber or association? If Yes, Name only those major ones that your business deals with:**

   The Bank is a member of:

   a. Indian Banks Association (IBA)

   b. Indian Institute of Banking & Finance (IIBF)

   c. Institute of Banking Personnel Selection (IBPS)

   d. National Institute of Bank Management (NIBM)

   e. Centre for Advanced Financial Research and Learning (CAFRAL)

   f. Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI)

   g. International Chamber of Commerce (ICC)

   h. The Associated Chambers of Commerce and Industry of India (ASSOCHAM)

   i. Confederation of Indian Industry (CII)

   j. National Payments Corporation of India (NPCI)

   k.The Clearing Corporation of India Ltd (CCIL)

2. **Have you advocated/lobbied through above associations for the advancement or improvement of public good? Yes/No; if yes specify the broad areas (drop box: Governance and Administration, Economic Reforms, Inclusive Development Policies, Energy security, Water, Food Security, Sustainable Business Principles, Others)**.

   The Bank puts forth suggestions related to economy and banking through various Associations. The Whole time Directors and Top Management are a part of various working groups set up by regulator and policy maker. Thus, the bank inputs regarding various economic and financial issues are considered while making policies.

**Principle 8: Businesses should support inclusive growth and equitable development**

1. **Does the company have specified programmes/ initiatives/projects in pursuit of the policy related to Principle 8? If yes details thereof.**

   The Bank undertakes various initiatives/projects to support inclusive growth and equitable development:

   **a. PNB Gram Uday Scheme:** Under the scheme, loan upto `1 lakh is being provided for soil reclamation/ soil conservation to farmers holding soil health card.

   **b.Scheme for financing landless agriculture labourers on unregistered leased land.**

ग) **महिला जेएलजी को रु.10 लाख तक का संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करने की योजना।**

घ) **पीएनबी विकास:** बैंक ने एकीकृत ग्रामीण विकास के लिए 169 गांवों को अंगीकार किया है।

ङ) बैंक मुद्रा, स्टैंड अप इंडिया, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सहबद्ध पूंजी सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस), खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी), वस्त्र एवं जूट क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस), खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए सब्सिडी योजना आदि जैसी भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में अग्रसक्रिय रूप से भागीदारी कर रहा है।

2. **क्या कार्यक्रमों/परियोजनाओं को आंतरिक टीम/निजी फाउंडेशन/बाह्य स्वयंसेवी संस्थाओं/सरकारी ढांचे/किसी अन्य संगठन के माध्यम से आयोजित किया जाता है?**

अलग-अलग प्रभागों के माध्यम से वित्तीय समावेशन तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कार्यक्रम/परियोजनाएं संचालित की जाती हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैंक की एक आंतरिक टीम है और एनजीओ एवं सरकारी संस्थानों के साथ भागीदारी है।

पीएनबी प्रेरणा बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की पत्नियों तथा बैंक की वरिष्ठ महिला अधिकारियों की संस्था है जो बैंक की सीएसआर गतिविधियों के आयोजन/प्रदर्शन/संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

3. **क्या आपने अपनी पहल के प्रभावों का कोई मूल्यांकन किया है?**

बैंक अपने द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की आवधिक समीक्षा करता है। बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत अपनी स्थिति एवं प्रदर्शन का नियमित रूप से मूल्यांकन करता है।

4. **सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है-आईएनआर में राशि तथा संचालित की जा रही परियोजनाओं का विवरण दें?**

बैंक अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से सामुदायिक विकास कार्यक्रम में योगदान कर रहा है।

1. सरकारी विद्यालयों में 12वीं कक्षा तक अध्ययन करने वाली गरीब और जरूरतमंद लड़कियों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने एवं लोकप्रिय बनाने के लिए **पीएनबी लाडली योजना**। 4402 लड़कियों को रु.97.75 लाख का लाभ प्रदान किया जा चुका है।
2. छोटे किसानों, भूमिहीन/कृषि श्रमिकों को केंद्र में रखते हुए समाज के कमजोर वर्गों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए **पीएनबी किसान बालक शिक्षा प्रोत्साहन योजना**। 586 छात्रों को रु.17.49 लाख की राहत प्रदान की गई है।
3. **प्रधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत अभियान - सरकारी बालिका/सह-शिक्षा विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण:** प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने चिह्नित/अंगीकृत

c. **Scheme for providing collateral free loans to Women JLGs upto `10 lakh.**

d. **PNB Vikas:** Bank has adopted 169 villages for Integrated Rural Development.

e. The Bank is pro-actively participating in various schemes of the Government of India like MUDRA, Stand Up India, Prime Minister Employment Generation Programme (PMEGP), Credit Link Capital Subsidy Scheme (CLCSS) for Micro and Small Enterprises, Khadi and Village Industry Commission (KVIC), Technology Upgradation Fund Scheme for Textile and Jute Sector (TUFS), Subsidy Scheme for Food Processing Industries etc.

2. **Are the programmes/projects undertaken through in-house team/own foundation/external NGO/government structures/any other organization?**

The programs/projects under Financial Inclusion and Corporate Social Responsibility are undertaken through separate Divisions. The Bank has an internal team and partnerships with NGO and Government institutes for making the program successful.

PNB Prerna is an association of the wives of the senior officials of the bank as well as senior lady officials of the bank which are performing a vital role in undertaking/showcasing/promoting the Bank's CSR activities.

3. **Have you done any impact assessment of your initiative?**

The Bank undertakes periodic reviews of various projects that it is undertaking. The Bank regularly assesses its position and performance under various Government schemes.

4. **What is your company's direct contribution to community development projects-Amount in INR and the details of the projects undertaken?**

The Bank's contribution to community development program has been through its various projects.

1. PNB LADLI Scheme to promote and popularize education among poor and needy girls studying in Govt School upto 12th standard. 4402 girls have been benefited with `97.75 Lakh.
2. **PNB Kisan Balak Shiksha Protsahan Yojana** for promoting education among the weaker sections of the society with focus on small farmers, landless/agricultural labourers. 586 students provided relief of `17.49 Lakh.
3. **Swachha Bharat Campaign of Prime Minister - Construction of Toilets in Govt. girl /Co-Ed Schools:** To promote Swachha Bharat Campaign of Prime Minister, Bank has constructed 11 toilets for

गांवों के सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के लिए 11 शौचालयों (वित्तीय वर्ष में) का निर्माण कराया है। अभी तक रु.92 लाख की राशि से कुल 89 शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है।

5. **क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि इस सामुदायिक विकास पहल को समुदाय द्वारा सफलतापूर्वक अपनाया जाए? कृपया लगभग 50 शब्दों में इसे समझाएं।**

स्थानीय सरकार, एनजीओ, पंचायती राज संस्थानों, समुदायों और अन्य स्थानीय संस्थानों जैसे सभी हितधारकों के साथ मिलकर पीएनबी विकास जैसी सामुदायिक विकास पहलों पर काम किया जाता है। स्थानीय जरूरतों एवं आवश्यकताओं के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंक स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करता है। स्थानीय जनसँख्या की आवश्यकताओं के अनुसार अधिक स्वीकार्य तथा सामंजस्यपूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए बैंक स्थानीय पंचायतों/स्वयं-सहायता समूहों के साथ भी सहयोग करता है। स्थानीय संगठनों के साथ गठजोड़ यह सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं कि बैंक ऐसे कार्यक्रमों का समर्थन करता है जिनके सफल होने और दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन में सहयोगी रहने की संभावनाएं सबसे अधिक हैं।

**सिद्धांत 9: कारोबार को अपने ग्राहकों व उपभोक्ताओं के साथ जिम्मेदार ढंग से जुड़ना चाहिए तथा उनको मूल्य उपलब्ध कराना चाहिए।**

1. **वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कितने प्रतिशत ग्राहक शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित रहे?**

कुल 35474 शिकायतों (अर्थात दिनांक 01.04.2016 पर लंबित रही 217 शिकायतों तथा वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान प्राप्त हुई 35257 शिकायतों का योग) में से 31.03.2017 तक 35159 शिकायतों का समाधान कर दिया गया था। 31.03.2017 तक लंबित शिकायतों की संख्या 315 थी जिनका भी बाद में समाधान कर दिया गया है।

2. **क्या कंपनी उत्पाद के लेबल पर स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य सूचना के अतिरिक्त उत्पाद का अन्य विवरण भी प्रदर्शित करती है? हाँ/नहीं/लागू नहीं/टिप्पणियां (अतिरिक्त सूचना)**

वित्तीय उत्पादों के विवरण बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाते हैं और पैम्पलेटों एवं ब्रोशरों के माध्यम से इनके बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। इलैक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया में भी उत्पादों के विज्ञापन दिए जाते हैं। फेसबुक और ट्विटर जैसे विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर भी बैंक ने अपनी उपस्थिति दर्ज की है, जहाँ बैंक द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उत्पादों व सेवाओं की विशेषताओं को प्रभावी रुप से प्रदर्शित किया जाता है।

3. **क्या गत 5 वर्षों के दौरान किसी भी हितधारक द्वारा कंपनी के विरुद्ध अनुचित व्यापार पद्धतियों, गैर जिम्मेदाराना विज्ञापन तथा/अथवा प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार के संबंध में दायर किया गया कोई मामला वित्तीय वर्ष के अंत पर लंबित रहा? यदि ऐसा है तो लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें।**

कोई नहीं।

girls in Government schools in identified/adopted villages. Total 89 toilets amounting to `92 Lakh have been constructed so far.

5. **Have you taken steps to ensure that this community development initiative is successfully adopted by the community? Please explain in 50 words, or so.**

Community development initiatives such as PNB Vikas are taken up together with all stakeholders such as local government, NGOs, Panchayati Raj Institutions, Communities and other local institutions. The Bank engages with local agencies so as to offer facilities as per the local needs and requirements. The bank also collaborates with local panchayats/Self Help Groups for better acceptability and dovetailing products as per requirements of the local populace. The alliances with local organizations ensure that the bank supports program that are most likely to succeed and facilitate long term positive changes.

**Principle 9: Businesses should engage with and provide value to their customers and consumers in a responsible manner**

1. **What percentage of customer complaints/consumer cases are pending as on the end of financial year.**

Out of total number of 35474 complaints (i.e.217 complaints outstanding as on 1.4.2016 and 35257 complaints received during the financial year 2016-17), 35159 complaints were redressed as on 31st March 2017. The number of complaints pending as on 31.03.2017 was 315 which have since been resolved.

2. **Does the company display product information on the product label, over and above what is mandated as per local laws? Yes/No/N.A. /Remarks(additional information)**

The details of the financial products are displayed on the website; awareness is also spread through pamphlets and brochures. The advertising of the products is also done in electronic and print media. Bank also has its presence on various social media platforms such as Facebook and Twitter which effectively displays the features of the products and services offered by the Bank

3. **Is there any case filed by any stakeholder against the company regarding unfair trade practices, irresponsible advertising and/or anti-competitive behaviour during the last five years and pending as at the end of financial year. If so, provide details thereof, in about 50 words or so**

Nil

**4. क्या आपकी कंपनी ने कोई भी उपभोक्ता सर्वेक्षण/उपभोक्ता संतुष्टि प्रवृत्ति विश्लेषण किया है?**

बैंक विभिन्न संपर्क बिंदुओं पर लेनदेन करने वाले ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर का सतत आधार पर आकलन करता है। बैंक के पास ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रबंधन कार्यक्रम, ग्राहक सेवा समिति, गुड़गांव व नोएडा में अत्याधुनिक संपर्क केंद्र हैं। सभी शाखाओं एवं मंडल कार्यालयों में मौजूदा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता की जांच करने और ग्राहक सेवा में सुधार हेतु मिलने वाली प्रतिक्रियाओं/सुझावों की समीक्षा करने के लिए ग्राहक सेवा समितियां बनाई गई हैं।

बैंक **'कस्टमर स्पीक'** नामक मासिक पत्रिका प्रकाशित करता है जिसमें ग्राहकों द्वारा दर्ज कराई गई चुनिंदा शिकायतों के साथ-साथ इन पर की गई कार्रवाई और शिकायतकर्ताओं को उपलब्ध कराए गए समाधान दिए जाते हैं।

**4. Did your company carry out any consumer survey/ consumer satisfaction trends?**

The Bank on a continuous basis measures the satisfaction levels of customers transacting across various touch points. The Bank has an Online Grievance Redressal Management Program, Customer Service Committee, state of the art Contact centers in Gurgaon and Noida. Customer Service Committees have been set up in all the branches and Circle offices to look into the quality of customer service rendered and to critically examine the feedback/suggestions for improvement in customer service.

The Bank publishes a monthly magazine titled **"Customer Speak"** in which selected complaints filed by customers and action taken and resolution provided to the complainants is also provided.